मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-507
06/10/2025

# मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिले में 1333 करोड़ रुपये की लागत से 22 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

➢ पेंशनधारियों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद

पटना, 06 अक्टूबर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर जिले के सकरा वाजिद पंचायत भवन परिसर से 1333.29 करोड़ रुपये की लागत से कुल 22 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 83.32 करोड़ रुपये की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन तथा 1249.97 करोड़ रुपये की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ शामिल है। इनमें 32.32 करोड़ रुपये की लागत से राज्य स्कीम के तहत मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण, 26 करोड़ रुपये की लागत से एम0आई0टी0 मुजफ्फपुर में छात्र एवं छात्राओं हेतु (कुल 2 अदद) 200 बेडेड वाले छात्रावास का निर्माण, 13.28 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत शक्ति उपकेंद्र, वाजिदपुर, बोचहां, केरमा एवं कुढनी का निर्माण, 2.32 करोड़ रुपये की लागत से बघनगरी एवं कांटी (गोंविदपुर फुल्कांहा) में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण, 4.70 करोड़ रुपये के लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पश्चिमी मुजफ्फपुर का निर्माण तथा 4.70 करोड़ रुपये की लागत से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मुख्यालय, मुजफ्फपुर का निर्माण कार्य के उद्घाटन के अलावा 589.05 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (सरैया ब्लॉक) तक उच्च स्तरीय पी0एस0सी0 बॉक्स सेल सुपर स्ट्रक्चर मेन पुल एवं पहुंच पथ में 3 अदद पी0एस0सी0 सुपर स्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य, 199.45 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत प्रखंड–सह–अंचल–कार्यालय–सह–आवासीय परिसर, कांटी, पारू, साहेबगंज, सरैया, मोतिपुर, सकरा, औराई, बोचहां, मुसहरी, गायघाट, मड़वन एवं बंदरा के निर्माण कार्य, 184.32 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत राज्य स्कीम मद से डॉ0 भीमराव अंबेडकर टेन प्लस टू आवासीय विद्यालय प्रखंड सह अंचल, मोतिपुर, सकरा, पारू, एवं बंदरा में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास/ कार्यरंभ शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारी लाभुकों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सतत् जीविकोपार्जन योजना शुरू करने, स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने, बिहार के विकास मित्रों का परिवहन भत्ता एवं स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना शुरू करने, किसान सलाहकारों का मासिक मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये करने, रसोइयों का मासिक मानदेय 1650 रुपये से बढ़ाकर 3300 रुपये करने,

गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये करने, कलाकार पेंशन योजना के तहत कलाकारों को 3 हजार रुपये पेंशन देने, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने, लेखापाल सह आई0टी0 सहायक का मानदेय 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने, जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का मार्जिन मनी 90 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 137 रुपये प्रति क्विंटल करने तथा सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री देने से लोगों को काफी राहत मिली है। इसके साथ ही समस्त ग्रामीण आवास सहायकों का मानदेय 16540 रुपये से बढ़ाकर 19675 रुपये करने, आंगनबाड़ी सेविका के मानदेय 7 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने, स्वच्छता पर्यवेक्षकों का मानदेय 7500 रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने, सहायक जीविका कैडरों के मानदेय में दो गुनी वृद्धि करने से सभी लाभुक काफी प्रसन्न हैं। इससे हमारा मनोबल बढ़ा है। इन फैसलों से हम सब की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगी। हम सभी मुख्यमंत्री भैया के आशीर्वाद से लगातार आगे बढ़ रहे हैं और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करने, महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशन की राशि में 3 गुनी बढ़ोतरी किए जाने से परिवार में हमारा मान–सम्मान काफी बढ़ा है तथा इससे हमारी इच्छा शक्ति भी मजबूत हुई है। पंचायतों में सामुदायिक विवाह मंडप बनाए जाने का फैसला काफी सराहनीय है। इससे गरीब परिवारों को काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि हम आप सभी जीविका दीदियों को बधाई देते हैं। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। 2005 में हमारी सरकार बनने के बाद हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया और इसका नाम जीविका दिया। इससे जुड़ी महिलाएं जीविका दीदियां कहलाती हैं। सरकार सभी तबकों के उत्थान के लिए हर प्रकार से विकास का कार्य कर रही है। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। आप सभी के सहयोग से बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आप सभी मिलजुल कर रहें। आप के सहयोग और हमलोगों के द्वारा किए जा रहे विकास कार्य से बिहार और आगे बढ़ेगा। आप सभी को बहुत–बहुत बधाई।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री राज कुमार, जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री चंदन कुशवाहा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरीय अधिकारी गण, लाभार्थी गण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******